Test: रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण [Rachana ke Aadhar par Vakya Rupantaran]

नीचे दिए गए वाक्यों का कोष्ठक के निर्देश अनुसार रूपांतरण कीजिए:

1. जो लोग काम करने वाले थे उन्हें सूचना दे दी गई थी (सरल वाक्य)
2. मैदान के मोड पर पहुंचते ही पुलिस ने लाठियां चलानी शुरू कर दी (संयुक्त वाक्य)
3. ठीक चार बज कर दस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए (मिश्र वाक्य)
4. आप दुकान में बैठें और उनका इंतजार करें (साधारण वाक्य)
5. जब तक वह घर पहुंचा तब तक पुलिस पहुंच चुकी थी (साधारण वाक्य)
6. कठोर बनकर भी सहृदय बनो (संयुक्त वाक्य)
7. नीरज ने गजल सुनाई और मीरा रो पड़ी (मिश्र वाक्य)
8. अपराधी होने के कारण उसे सजा मिली (संयुक्त वाक्य)
9. एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें दंड क्षमा करने के लिए प्रार्थना हो (सरल वाक्य)
10. कम आय वालों को मितव्ययी होना चाहिए। (मिश्र वाक्य)

उत्तर-कुंजी (व्याख्या के साथ)

1. काम करने वालों को सूचना दे दी गयी थी। [**रूपांतरित वाक्य में केवल एक क्रिया पदबंध है।**]
2. वो मैदान के मोड़ पर पहुंचे और पुलिस ने लाठियां चलानी शुरू कर दीं । [**दो स्वतंत्र उपवाक्य हैं तथा 'और' संयोजक से जुड़े हुए हैं।**]
3. जब ठीक चार बजकर दस मिनट हुए तब सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए। **[एक प्रधान और एक आश्रित उपवाक्य हैं।**]
4. आप दुकान में बैठ कर उनका इंतज़ार करें। [**वाक्य में केवल एक क्रिया पदबंध है।**]
5. उसके घर पहुँचने तक पुलिस पंहुच चुकी थी। [**'पंहुच चुकी थी' मुख्य क्रिया पदबंध है।**]
6. कठोर बनो परन्तु सहृदय बनो। [**दो स्वतंत्र वाक्य संयोजक ' परन्तु' से जुड़े हैं।**]
7. नीरज ने ऐसी ग़ज़ल सुनाई कि मीरा रो पड़ी। [**एक प्रधान और एक आश्रित उपवाक्य हैं।**]
8. वह अपराधी था, इसलिए उसे सजा मिली। [**दो स्वतंत्र वाक्य संयोजक 'इसलिए' से जुड़े हैं।**]
9. दंड क्षमा करने के लिए एक प्रार्थना-पत्र लिखो। [**रूपांतरित वाक्य में केवल एक क्रिया पदबंध है।**]
10. जो कम आय वाले हैं उन्हें मितव्ययी होना चाहिए। [**एक प्रधान और एक आश्रित उपवाक्य हैं।**]